महापौर नीरज पाल के प्रयासों से करोड़ों की लागत से भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों के मरम्मत एवं संधारण का होगा कार्य

भिलाई नगर/ करोड़ों की लागत से भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत , सड़कों के मरम्मत एवं संधारण का कार्य होगा। निगम के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के मरम्मत एवं संधारण की विभागीय प्रक्रिया तेज गति से की जा रही है। कई स्थानों पर सड़क मरम्मत एवं संधारण के कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं और यह कार्य अंतिम चरण पर भी है। निगमायुक्त रोहित व्यास ने सड़कों की सुधार की दिशा में गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तेज गति से कार्य कराने अधिकारियों को निर्देश दे चुके है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम के प्रत्येक जोन में सड़कों के मरम्मत, बी टी रोड नवीनीकरण/पॉटहोल/पेच रिपेयर के लिए 9 करोड़ की स्वीकृति हुई है। जिसके तहत नेहरू नगर से के पी एस , के पी एस से सूर्या मॉल, खमरिया में डामरीकरण, प्रियदर्शनी परिसर व दक्षिण गंगोत्री एरिया में, गौरवपथ, आजाद चौक होते हुए मुक्तिधाम के सामने एरिया , जलेबी चौक से सुभाष चौक , नंदनी रोड, बैकुंडधाम एरिया, शिवशक्ति कॉलोनी रोड, किशन चौक से शीतला मंदिर रोड , छावनी चौक से हथखोज पुलिया तक के मार्गो का नवीनीकरण , आईटीआई सर्विस रोड से शिवालय एमपीआर रोड होते हुए श्री राम चौक से सर्विस रोड तक मार्गो का नवीनीकरण तथा हुडको क्षेत्र में डामरीकरण के कार्य किए जाएंगे। अब हिचकोले खाते हुए गड्ढों से राहगीरों को निजात मिलेगा, भिलाई की सड़कें दुरुस्त हो जाएंगी। सड़कों को सुधारने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जाएगा। बारिश की वजह से कई सड़कों के कार्य अधूरे रह गए थे उन्हें भी पूर्ण किया जाएगा। सड़कों को ठीक करने के लिए निगम प्रशासन गंभीर है और इस दिशा में निगम कार्य कर रहा है।